कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा

दिनांक 14.02.2025

नीलामी की विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र भवन कैम्प कार्यलय, इटावा में गिरे हुए एक पापड़ी के पेड़ की लकड़ी तथा न्यायालय परिसर में लगे एक पुत्रजीवा पेड़ की लकड़ी की नीलामी दस न्यायालय कक्ष भवन जजशिप इटावा के सभागार में दिनांक 25.02.2025 को सायंकाल 4:30 बजे की जायेगी। जिस व्यक्ति/फर्म को उक्त सामग्री की नीलामी में भाग लेना हो, वह उक्त दिनांक, समय व स्थान पर माननीय जिला जज, इटावा द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन बोली बोलने हेतु उपस्थित हों। उक्त सामग्री की नीलामी हेतु निर्धारित सुरक्षित धनराशि बोली बोलने से पूर्व कार्यालय नजारत में जमा करनी होगी। उक्त गिरे हुए पेड़ की लकड़ियों की नीलामी से पूर्व बोलीदाता कार्यालय समय में कभी भी नीलामी हेतु सामग्री को देख सकते हैं। सुरक्षा धनराशि नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगी तथा समस्त बोलीदाताओं को बोली बोलने से पूर्व उसी दिन 3:00 बजे अपरान्ह तक जमानत के रूप में अग्रिम धनराशि जमा करनी होगी तथा अधिकतम बोली वाले बोलीदाता के अतिरिक्त शेष बोली दाताओं की धनराशि बोली समाप्ति पर नियमानुसार वापस की जायेगी। ठेके में अधिकतम बोलीदाता को नालामी के पश्चात तुरंत 50 प्रतिशत की धनराशि जमा करनी होगी तथा अवशेष धनराशि नीलामी के तीसरे दिन सामग्री उठाने से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। नीलामी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार माननीय जिला जज, इटावा को सुरक्षित रहेगा। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को एक नीलामी फार्म भरकर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड सहित कार्यालय नजारत में जमा करना होगा। नीलामी फार्म रूपये 100/- मूल्य पर कार्यालय नजारत में दिनांक 25.02.2025 दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं एवं स्वीकृत शर्तो की जानकारी केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी, इटावा से प्राप्त की जा सकती है।

(अजय कुमार सिंह-II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(डी0ए0ए एक्ट),
इटावा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को प्रेषित:-

01. नाजिर कलेक्ट्रेट, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
02. नाजिर विकास भवन, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
03. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04. दस न्यायालय कक्ष भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड हेतु।
05. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0ओ0 नम्बर 562/उन्नीस-2-2007-1007(टी0सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निः शुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना-पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
06. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन, इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
07. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन,इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
08. समस्त कारपेंटर/कबाड़ी का कार्य करने वालों को सूचनार्थ।
09. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जजी, इटावा

(अजय कुमार सिंह-II)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(डी0ए0ए एक्ट),
इटावा।